नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर
राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

जयपुर– 02 फरवरी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर श्री स्वरूप गोविंद पारीक पी.जी कॉलेज में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। नई शिक्षा नीति के विविध आयामो को लेकर आयोजित इस राष्ट्रीय सेमिनार के मुख्य अतिथी राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति श्री राजीव जैन थे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एन.एम शर्मा के अनुसार इस राष्ट्रीय सेमिनार में नई शिक्षा नीति को लेकर कई शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय सेमिनार मे शामिल प्रतिभागियों ने भविष्य में नई शिक्षा नीति के अनुसार होने वाले बदलाव के आधार पर विद्याार्थियों, अध्यापकों एवं शिक्षण संस्थाओं को तैयार रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्य अतिथी के रूप में कुलपति डॉ. राजीव जैन ने नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला और इसे विश्वविद्यालय मे लागू किए जाने को लेकर किए जा रहे विचार विमर्श की जानकारी भी इस अवसर पर दी।

इस अवसर पर कुलपति ने कॉलेज के विज्ञान संकाय से जुडे विषयों में ऑनर्स, एवं एम.ए संगीत विषय का विधिवत् शुभारंभ भी किया।

(डॉ. भूपेन्द्र सिंह शेखावत)
जनसम्पर्क अधिकारी

S.S.G. Pareek PG College, Jaipur
श्री स्वरूप गोविन्द पारीक
स्नातकोत्तर महाविद्यालय
Oneday National Seminar
TIME: 12.00 PM